# I–PRE BOARD EXAMINATION

# HINDI

*(Maximum Marks: 80)*

*(Time allowed: 3 hours)*

***Answer to this paper must be written on the paper provided separately.***

*You will **not** be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

---

***Section - A** is compulsory.*

*All questions in **Section- A** must be answered. Attempt any four questions from **Section - B** answering at least one question each from the two books you have studied and any two questions from the same books you have studied.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## SECTION - A [40 Marks]

**(Attempt all questions from this section.)**

***Question 1***

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics : [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए:–

i) पुस्तकालय व्यक्ति को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। इस कथन को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय के महत्व पर प्रकाश डालिए।

ii) 'सत्संग का प्रभाव दुर्जन पर भी अच्छा ही पड़ता है।' –इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

---


**This paper consists of 9 printed pages and 1 blank page.**

iii) आपने अनेक पुस्तकें पढ़ी होंगी। उनमें से आपको कौन–सी एक पुस्तक सर्वप्रिय लगी। कारण भी स्पष्ट कीजिए।

iv) 'मन के हारे हार है मन के जीते जीत' – इस उक्ति को आधार बनाकर एक मौलिक कहानी लिखिए।

v) आज 'पर्यावरण शुद्धि या पर्यावरण का सुधार' नामक विषय पर प्रत्येक देश में चर्चा हो रही है। इस दृष्टि से भारत में पर्यावरण के संरक्षण के विषय में क्या किया जा सकता है ? इस संदर्भ में अपने विचार दीजिए।

vi) नीचे दिये गये चित्र को ध्यान से देखिए। चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए–



*Question 2* [7]

Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below :

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए :–

i) आप पिछले दो दिनों से विद्यालय में ठीक समय पर उपस्थित नहीं हो पा रहे थे। प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या को विद्यालय में विलम्ब से पहुँचने का कारण बताते हुए क्षमादान के लिए पत्र लिखिए।

अथवा

ii) आप अपने मित्रों के साथ पर्वतीय क्षेत्र की यात्रा के लिए गए थे। वहाँ के प्राकृतिक सौन्दर्य का वर्णन करते हुए अपनी माताजी को पत्र लिखिए।

*Question 3*

Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible :

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

वसंत ऋतु का आगमन हो चुका था, परन्तु कोयल और मोर उदास थे। जंगल के राजा ने एक जाँच आयोग का गठन करवाया जिसका प्रमुख कौवे को बनाया। जाँच द्वारा पता चला कि कोयल और मोर एक ही घर की मुंडेर पर बैठे थे कि तभी उनकी नज़र एक घर पर चल रहे टेलीविज़न पर पड़ी जिस पर नृत्य का कार्यक्रम दिखाया जा रहा था। वे बड़े ही चाव से कार्यक्रम देखने लगे। मोरपंख पहनकर एक स्त्री नाच रही थी और गायिका मधुर स्वर में गा रही थी। कार्यक्रम की समाप्ति पर दोनों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम देखकर दोनों उदास हो गये। वे सोचने लगे हम दिन–रात मधुर वाणी और मनमोहक अदाओं से सबका मन बहलाते हैं पर हमारी प्रशंसा में किसी ने कभी कुछ नहीं कहा। कौवे को जब इन बातों का पता चला तो उसने दोनों को समझाया कि पक्षियों में सबसे निरादर की भावना से मुझे देखा जाता है। मेरे सारे गुणों को ताक पर रख दिया जाता है। हम आस–पास की गंदगी साफ कर देते हैं। हम अन्य पक्षियों की तरह झगड़ते नहीं हैं। हमारे जैसा भाईचारा तो मनुष्यों में भी नहीं होता। जब हमारा साथी मर जाता है तो हम सभी एकत्र होकर कॉव–कॉव कर अपना दु:ख प्रकट करते हैं। हम मित्रों और मेहमानों के आगमन की सूचना देते हैं फिर भी लोग हमारा सम्मान नहीं करते। गीता के उपदेश की तरह हम अपने कार्य को करते हैं, फल की इच्छा नहीं करते। क्या तुम आज तक प्रशंसा और पुरस्कार के लिए ही गाते और नाचते रहे। इस पर्यावरण को खुशहाल रखने में क्या तुम्हारी महत्त्वपूर्ण भूमिका नहीं है।

कौवे की बातें उन दोनों की समझ में आ गईं। उसी समय जंगल में काले बादल छा गये। मोर और कोयल झूम–झूम कर नाचने और गाने लगे। सारे जंगल में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके साथ–साथ सभी पशु–पक्षी, पेड़–पौधे, झूमने, गाने और चहचहाने लगे। मोर नाचता रहा, उसके आँसू बहते रहे। कौवे ने कहा, भगवान कृष्ण तुम्हारे पंख अपने सिर में लगाते हैं, क्या इससे भी बढ़कर तुम्हारा पुरस्कार हो सकता है ? इसी भाव से कोयल को भी समझाया। दोनों के पास खुशी के आँसू थे।

i) मोर और कोयल उदास क्यों थे ? [2]

ii) जंगल के राजा ने उनकी उदासी का पता लगाने के लिए क्या किया ? कोयल और मोर किस ऋतु में उदास थे ? [2]

iii) कौवे ने अपना उदाहरण क्या कहकर दिया ? [2]

iv) कौवे की बातों का दोनों पर क्या प्रभाव पड़ा ? [2]

v) उन्हें अपने–अपने पुरस्कार किस रूप में प्राप्त हुए ? [2]

*Question 4*

Answer the following according to the instructions given.

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–

i) 'अपव्यय' का विलोम बताइए– [1]

a) मितव्यय

b) अतिव्यय

c) अधिव्यय

d) अल्पव्यय

ii) 'मधुप' का पर्यायवाची बताइए – [1]

a) शहद

b) गुंजार

c) भौंरा

d) इनमें से कोई नहीं

iii) 'मधुर' शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए – [1]

a) मीठा

b) मिठास

c) मधुबन

d) मधुरता

iv) 'पत्थर' का विशेषण बताइए – [1]

a) पथरीला

b) पत्थरी

c) पत्थरीला

d) पथरेला

v) 'ज्योतासाना' का शुद्ध रूप बताइए – [1]

a) ज्योतासना

b) ज्योतिश्रा

c) ज्योत्सना

d) ज्योत्स्ना

vi) 'उल्टी गंगा बहाना' मुहावरे का अर्थ है – [1]

a) अनुकूल कार्य करना

b) प्रतिकूल कार्य करना

c) गंगा की धारा

d) गंगा की धारा का उल्टा बहना

vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य चुनिए – 'माँ ने खाना बनाया।' [1]

('नहीं' शब्द का प्रयोग करें लेकिन अर्थ न बदले)

a) माँ ने खाना नहीं बनाया।

b) क्या, माँ ने खाना नहीं बनाया ?

c) माँ ने खाना बनाने से इंकार नहीं किया।

d) नहीं, माँ खाना बनाएगी।

viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य चुनिए – 'भारत ने नया उपग्रह छोड़ा।' [1]

(द्वारा शब्द का प्रयोग करें)

a) भारत द्वारा उपग्रह छोड़ा गया है।

b) भारत द्वारा नया उपग्रह छोड़ा गया।

c) भारत द्वारा नया उपग्रह छोड़ा जाएगा।

d) जो उपग्रह छोड़ा गया वह भारत द्वारा ही भेजा गया है।

## SECTION - B [40 Marks]

**(Attempt four questions from this section)**

**(You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions)**

### साहित्य सागर–संक्षिप्त कहानियाँ

### (Sahitya Sagar - Short Stories)

*Question 5*

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

"रात के समय जब हजार, पाँच सौ के चोर नरम गद्दों पर मीठी नींद ले रहे थे, अठन्नी का चोर जेल की तंग, अंधेरी कोठरी में पछता रहा था।"

i) लेखक ने हजार, पाँच सौ के चोर किसे कहा है ? [2]

ii) अठन्नी का चोर कौन है ? [2]

iii) उसे चोरी की प्रेरणा कैसे मिली ? [3]

iv) 'पछता रहा था' से लेखक का क्या आशय है ? [3]

*Question 6*

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

"सेठ भी अचरज में पड़ गए। दीए की टिमटिमाती रोशनी में उन्होंने ध्यानपूर्वक देखा तो पता चला कि वह किसी चीज़ का ढकना है।"

i) सेठानी के दिया जलाते समय क्या घटना घटी ? [2]

ii) सेठ–सेठानी की आँखें चौंधियाने का क्या कारण था ? [2]

iii) उन्हें किस महायज्ञ का पुरस्कार मिला ? [3]

iv) प्रस्तुत कहानी का उद्देश्य लिखिए। [3]

*Question 7*

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

"राम निहाल कहने लगा, "तुंमको भी संदेह हो रहा। सो ठीक ही है। मुझे भी कुछ संदेह हो रहा है।"

i) राम निहाल को ब्रजकिशोर बाबू के बारे में क्या पता चला ? [2]

ii) राम निहाल को क्या संदेह था और क्यों ? [2]

iii) राम निहाल के पास अपना चित्र देख श्यामा ने क्या कहा ? [3]

iv) 'संदेह' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। [3]

**Question 8**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

''जो गति जोग विराग जतन करि नहि पावत मुनि ज्ञानी।

सो गति देत गीध सबरी कहूँ प्रभु न बहुत जिय जानी।।''

i) श्रीराम के बारे में तुलसीदासजी का क्या कहना है ? [2]

ii) राम के समान कोई दूसरा क्यों नहीं है ? [2]

iii) 'जो गति जोग विराग जतन करि नहिं पावत मुनि ज्ञानी।' से कवि का क्या अभिप्राय है ? [3]

iv) श्री राम ने कौन–सी गति किसको प्रदान की ? [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

''सुख–दुःख हमारी ही तरह

किसको नहीं सहना पड़ता।''

i) कवि ने हमें क्या करने की प्रेरणा दी है और क्यों ? [2]

ii) व्यक्ति को कब तक विश्राम नहीं करना चाहिए और क्यों ? [2]

iii) हमें हमेशा कौन–सी बातें याद रखनी चाहिए और क्यों ? [3]

iv) घोर दुःख में भी हमें क्यों नहीं यह कहना चाहिए कि विधाता हमारे विपरीत है ? [3]

## Question 10

Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए –

"चलूँ मैं जल्दी से बढ़–चलूँ

देख लूँ माँ की प्यारी मूर्ति।

अहा! वह मीठी सी मुस्कान

जगा जाती है, न्यारी स्फूर्ति।।"

i) 'चलूँ मैं जल्दी से बढ़–चलूँ' से कवयित्री का क्या आशय है ? [2]

ii) कवयित्री नें मातृभूमि की मूर्ति की क्या विशेषता बताई है [2]

iii) कवयिंत्री के मन में क्या संदेह है ? [3]

iv) 'नहीं तो रूठूँगी मैं आज' में कवयित्री ने किससे रूठने की बात कही है और क्यों ? [3]

#####